दैनिक
# न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, गुरुवार 13 जनवरी 2022
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### रात्रि 10 बजे के पश्चात फूड की होगी होम डिलीवरी

**» होटल, रेस्टोरेंट व ढाबों के लिए पूर्व में जारी आदेश में हुआ आंशिक संशोधन**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा कोरोना वायरस एवं नये वेरिएण्ट ओमिक्रान के तेजी से बढ़ रहे संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु 11 जनवरी को जारी किए आदेश की कंडिका 01 में होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, फूड कोर्ट को रात्रि 11 बजे तक संचालित करने की अनुमति दी गई थी, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए रात्रि 10 बजे के पश्चात फूड की होम डिलीवरी हेतु अनुमति दी गई है। शेष शर्ते यथावत रहेंगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### जिला अल्पसंख्यक की त्रैमासिक बैठक 13 जनवरी को

**रायगढ़।** अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं समस्याओं के समाधान एवं सुझाव हेतु जिला अल्पसंख्यक समिति की त्रैमासिक बैठक 13 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### कोविड 19 - श्रमिकों एवं कर्मचारियों के सहायता हेतु हेल्प लाईन नंबर जारी

**रायगढ़।** कोविड-19 संक्रमण विस्तार की संकटापन्न स्थिति में श्रमिक/कर्मचारियों की सहायता हेतु श्रम विभाग, रायगढ़ द्वारा हेल्प लाईन नंबर जारी किया गया है। सहायक श्रमायुक्त विकास सरोदे मोबा. नं.098261-79404 तथा श्रम निरीक्षक बाबूलाल पटेल मोबा.नं.099938-42789 है। श्रमिक एवं कर्मचारी उक्त नंबर पर संपर्क कर सकते है।

### मुख्यमंत्री आज चार मंत्रियों के विभागों से संबंधित बजट तैयारियों की करेंगे समीक्षा

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज 11 बजे से अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में मंत्रियों के साथ वर्ष 2022-23 की बजट की तैयारियों के सम्बन्ध में चर्चा करेंगे। सीएम बघेल 11 बजे से मंत्री रविन्द्र चौबे, टी एस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू और इसके बाद मुख्यमंत्री अपने विभागों की बजट तैयारी की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री बघेल शाम 4:40 बजे अपने निवास कार्यालय से कार से रवाना होकर 5 बजे बीरगांव पहुंचेंगे और वहां बीरगांव नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और सभापति के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीएम बघेल शाम 5:50 बजे अपने निवास कार्यालय लौट आएंगे।

### राजधानी आने वाली आठ फ्लाइट रद्द, हजारों यात्री फंसे

**रायपुर (आरएनएस)।** लगातार हो रही बारिश से राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश से किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी दलहनी फसलें और बाड़ियों में लगी सब्जियां खराब होने की स्थिति में आ गई है। खराब मौसम, कोहरे और धुंध की वजह से मंगलवार को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचने वाली 8 फ्लाइट रद्द हो गई, जिसकी वजह से दिल्ली मुंबई बेंगलुरू कोलकाता हैदराबाद में हजारों यात्री फंसे रहे। माना एयरपोर्ट प्रबंधन ने फ्लाइट रद्द होने की वजह खराब मौसम बताई।

# स्वच्छ पेयजल की समस्या हुई दूर, घरों तक पहुंच रहा पानी

## जल जीवन मिशन से ग्रामीण इलाकों में घरों तक पहुंचाये जा रहे नल कनेक्शन

**रायगढ़।** जिन गांवों में कल तक पीने के लिए पानी नदी, नालों एवं दूर जाकर हैण्डपंप से लाना पड़ता था, आज वह जल की अमृत बुंदे जल जीवन मिशन से लोगों के घरों तक पहुंच रही है। अब पानी के लिए दूर तक जाना नहीं पड़ता, साल के सभी मौसमों में नल कनेक्शन से घर तक पानी पहुंच रहा है। घरेलू कामकाज के साथ दूसरी जरूरतों के लिए घर पर ही पानी मिलने से ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को बड़ी राहत मिली है।





विकासखण्ड पुसौर अंतर्गत ग्राम पंचायत लिंजीर जिला मुख्यालय से 12 किलो मीटर दूर पर स्थित है। इस ग्राम पंचायत की आबादी 1244 है। ग्राम में 365 परिवार निवासरत है। गांव में दो प्राइमरी एवं एक मिडिल स्कूल है तथा चार आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। ग्राम लिंजीर में मुख्य बस्ती डीपापारा एवं नवाडीह शामिल है। पूर्व में शासन द्वारा यहां 3 हैण्डपंप स्थापित है जो कि ग्रीष्मकाल में जल स्तर नीचे जाने के कारण बंद हो जाते है। परिणाम स्वरूप अन्य नलकूपों में 9 नग सबमर्सिबल पंप लगा हुआ था। जिससे ग्राम के लोगों को पेयजल उपलब्ध हो रहा था। इन पंपों को ग्रामवासियों द्वारा लगातार चलाये जाने पर भू-जल का दोहन के साथ ही विद्युत ऊर्जा का असीमित दुरूपयोग हो रहा था।

जल जीवन मिशन के आने पर ग्राम सभा के माध्यम से ग्राम में कार्ययोजना तैयार किया गया। जिसमें हर घर को पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया गया। कार्ययोजना में 2021 की आबादी 1244 मानकर 365 परिवारों के लिए घरेलू नल कनेक्शन हेतु जल जीवन मिशन अंतर्गत 42.65 लाख की कार्ययोजना बनायी गई। योजना अंतर्गत पानी टंकी निर्माण एवं सभी घरों में नल कनेक्शन का प्रावधान किया गया। मुख्य बस्ती से डीपापारा काफी ऊंचे जमीन पर स्थित है जिसके कारण पहले पर्याप्त जल क्षमता का नलकूप नहीं था। जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी परिवारों को निःशुल्क नल कनेक्शन दिया गया। साथ ही जल संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित किया गया कि आवश्यकता के अनुरूप नल चालू एवं बंद करें। कोई भी व्यर्थ पानी नहीं बहाए। घर से निकलने वाले भू-जल के निपटान के लिए मनरेगा से सभी घरों में सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए क्रियान्वयन एजेंसी के द्वारा स्कूल, आंगनबाड़ी, जन प्रतिनिधि, महिलाओं, जनसमुदाय को लगातार प्रेरित किया जा रहा है।

शासन द्वारा संचालित जनहितैषी योजना जल जीवन मिशन आने से गांव में समस्त स्कूल, आंगनबाड़ी तथा पंचायत भवन में 15 वें वित्त से रनिंग वाटर की सुविधा की गई है। मध्यान्ह भोजन बनाने एवं बच्चों को पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो रहा है। पहले गर्मी के दिनों में जल स्तर 250 फीट से अधिक हो जाता था, जिस कारण पानी के लिए बहुत ज्यादा परेशानी होती थी वह समस्या भी अब दूर हो गई है। भू-जल का दुरूप्रयोग भी बंद हुआ है। ग्राम पंचायत को पंप बार-बार बिगड़ने से होने वाली अतिरिक्त व्यय से भी मुक्ति मिल गई है। इस राशि का उपयोग ग्राम पंचायत के द्वारा अन्य कार्यों में किया जा रहा है। इस योजना से अब विद्युत ऊर्जा का भी अप्रत्यक्ष रूप से बचत होने लगा है।

# एनटीपीसी लारा प्लांट के पास जुआ खेलते चार जुआरी पकड़ाए

**» जुआरियों से नकदी 51,440 रूपए जब्त, पुसौर पुलिस की कार्रवाई**

**रायगढ़।** थाना प्रभारी पुसौर टीआई संतोषी ग्रेस के नेतृत्व में दिनांक 11.01.2022 को पुसौर पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर एनटीपीसी लारा प्लांट के पास खंडहरनुमा मकान में मोमबत्ती की रोशनी में जुआ खेल रहे, जुआरियों को पर रेड कार्रवाई किया गया। घेराबंदी करने पहुंची पुलिस टीम को देखकर कुछ जुआडियान इधर-उधर भागने लगे। मौके पर 1- संजय कुमार प्रधान पिता साधुराम प्रधान उम्र 30 वर्ष निवासी छपोरा 2- रामनरेश राय पिता द्वारिका राय उम्र 48 वर्ष निवासी ठेगापाली 3- श्याम प्रधान पिता साधुराम उम्र



34 वर्ष छपोरा 4- द्वारिका पटेल पिता स्व0गोपीचंद पटेल उम्र 52 वर्ष निवासी ट्रांसपोर्टनगर सागीतराई जुटमिल को पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया। आरोपियों के फड एवं पास से कुल 51,440 रूपये, 52 पत्ती तास, अध जली मोमबत्ती की जप्ती की गई है। जुआ रेड कार्रवाई में टीआई संतोषी ग्रेस, प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, सुरेश सिदार, चन्द्र कुमार चन्द्रा, हरिशंकर नायक शामिल थे।

# कलेक्टर भीम सिंह ने लगायी 'रेडियो जनचौपाल'

**» लोगों की जानी समस्याएं, मौके से ही अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह की कोरोना संक्रमण में लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक नई पहल करते हुए रेडियो के जरिए जनचौपाल लगायी। जिसमें उन्होंने जिले के विभिन्न नागरिकों से सीधा संवाद किया व उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए मौके से ही संबंधित अधिकारी को दूरभाष से निर्देशित भी किया। रेडियो जनचौपाल में जिले के सभी विकासखण्डों से लोगों ने काल कर अपनी समस्याएं बतायी। कलेक्टर सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उसके समाधान के निर्देश दिए।

इस दौरान रायगढ़ शहर से कोतरा रोड निवासी लक्ष्मी नारायण सिंग ने कोविड टेस्टिंग सेंटरों की व्यवस्था के संबंध में अपनी बात रखी। इस पर कलेक्टर सिंह ने सेटरों की संख्या बढ़ाने तथा वहां आवश्यक सुविधाएं भी मुहैय्या करवाने की बात कही। पिकरीपाली बरमकेला के लाला साहू द्वारा स्कूल भवन के लिए ग्रामीणों द्वारा किए गए ढ़ाई एकड़ भूमि को अन्यत्र शाला भवन बन जाने के कारण संबंधितों को वापस करने की मांग पर कलेक्टर द्वारा इस संबंध में एसडीएम को दिशा-निर्देश जारी किए। देवगांव बरमकेला के पुनीराम पटेल के 2019 के फसल बीमा की क्षतिपूर्ति अब तक नहीं मिलने तथा बीमा का प्रीमियम उनके खाते से आटो डेबिट हो जाने की शिकायत पर कलेक्टर द्वारा तत्काल बीमा कंपनी को मुआवजा राशि दिलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

लैलूंगा भेड़ीगुड़ा के जुगलाल भगत द्वारा अपने गांव में पंचायत भवन नहीं होने तथा नवीन भवन की मांग पर कलेक्टर सिंह द्वारा नरेगा द्वारा नवीन भवन की स्वीकृति हेतु आश्वासन दिया गया। ननसिया रायगढ़ के नरेन्द्र श्रीवास द्वारा पौधारोपण की शिकायत पर कलेक्टर सिंह द्वारा जांच कराए जाने के निर्देश दिए। लोईंग बेलरिया की श्रीमती ममता ने अपने ग्राम संगठन की बैठक के लिए अलग भवन की मांग की। कलेक्टर सिंह ने अलग भवन आबंटित नहीं होते तक वर्तमान में ग्राम पंचायत भवन में ही अपनी मासिक बैठक करने की सलाह दी। खरसिया महका के प्रफुल्ल देशमुख द्वारा अड़भार रास्ते में पीडब्लूडी द्वारा गड्ढे खोदे जाने पर विगत कुछ समय से आवागमन बाधित होने की सूचना पर कलेक्टर सिंह ने पीडब्लूडी विभाग को तत्काल गड्ढे भरकर, आवागमन हेतु सुगम रोड बनाने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों का किया औचक निरीक्षण, काम में कसावट लाने के निर्देश

**» कार्यालयों में हुए निर्माण कार्यों का भी लिया जायजा**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज दोपहर कलेक्टोरेट में संचालित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों से उनके कामकाज की जानकारी ली, साथ ही विभिन्न कार्यालयों में हुए उन्नयन एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि यह जिले का मुख्य प्रशासनिक केन्द्र है। यहां पूरे जिले से लोग अपने काम के सिलसिले में आते है। अतः सभी कार्यालय व्यवस्थित हो एवं कार्यालयीन रिकार्ड को भी। उन्होंने कहा कि कार्यालयों के व्यवस्थित होने से ही काम में कसावट आएगी। इस दौरान उन्होंने कलेक्टोरेट परिसर का पूरा भ्रमण कर सभी कमरों में जाकर वहां पिछले दिनों हुए निर्माण कार्यो का अवलोकन किया।



कलेक्टर सिंह ने इस दौरान पी.डब्लूडी के अधिकारियों से करवाये गये कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने परिसर में वाटर ड्रेनेज सिस्टम तथा बारिश के पानी की निकासी के लिए किए गए कार्यों का भी निरीक्षण किया। भवन के रंग-रोगन का जायजा लेते हुए उन्होंने जहां-जहां पेन्ट की अंतिम कोटिंग शेष है उसे मौसम खुलने के पश्चात पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टोरेट के प्रसाधन कक्षों का भी उन्होंने निरीक्षण कर यहां हुए कार्यों को देखा। उन्होंने प्रतिदिन दो दफे कार्यालय के सभी प्रसाधन कक्षों की सफाई करवाने तथा वेन्टीलेशन के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कार्यालय में आने वाले लोगों के बैठने हेतु लगायी गयी स्टील चेयर सेट के नियमित सफाई करने के लिए कहा। सभी कार्यालयों में लगे पंखों की साफ-सफाई करवाकर पेन्ट करवाने के निर्देश उन्होंने दिए। सभी वाटर कूलर्स के पास टायलिंग का काम भी करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने परिसर में इंटरनेट के लिए लगे केबल्स को भी व्यवस्थित करने के लिए कहा। कलेक्टर सिंह ने कहा कि कार्यालय को साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित रखना यहां काम करने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारी की जिम्मेदारी है।

इस दौरान अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, स्टेनो टू कलेक्टर आर.के.स्वर्णकार सहित पीडब्लूडी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मौसम की मार : राजधानी समेत प्रदेश में बढ़ी ठंड, कोहरे की वजह से सुबह विजिविलिटी हुई कम

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। रायपुर में रुक-रुककर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आई है। वहीं सुबह के वक्त घना कोहरा छा रहा है। जिससे विजिविलिटी काफी कम हो जाती है। 13 जनवरी तक मौसम के ऐसा ही रहने की संभावना है। प्रदेश के पेंड्रा-गौरेला-मरवाही समेत अमरकंटक इलाके में काफी बारिश हुई। बस्तर जिले के चित्रकोट इलाके में भी अच्छी बारिश देखने को मिली। लोहंडीगुड़ा तहसील के कई गावों में ओले भी गिरे। मौसम में हुए इस बदलाव से तापमान में भारी गिरावट देखी गई।

इसी तरह सरगुजा के भी कई इलाकों में बारिश से ठंड बढ़ गई है। कोहरे के चलते आने-जाने में परेशानी हो रही है। कवर्धा में बारिश के चलते सुबह घना कोहरा छाया रहा। वहीं, मौसम का असर रबी की फसलों पर भी पड़ा है। पखांजूर में बारिश के चलते खरीदी केंद्र में रखा धान भींग गया। वहीं, गरियाबंद में बारिश और ओलावृष्टि के चलते सब्जी और दलहन की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई।

# रायकेरा हायर सेकंडरी स्कूल में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायकेरा, विकासखंड घरघोड़ा के शाला परिसर में कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए आज स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के मुखिया एवं प्राचार्य एस.के.करण एवं सभी विद्यालय परिवार ने मिलकर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्राचार्य ने विवेकानंद जयंती के अवसर पर उनके जीवन काल से परिचय कराते हुए कहा कि हर साल 12 जनवरी का दिन देश में स्वामी विवेकानंद जयंती के तौर पर मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद रामकृष्ण परमहंस के शिष्य थे। स्वामी विवेकानंद को 1893 में शिकागों में हुई विश्व धर्म सम्मेलन में भारत को विश्व



पटल पर एक नई पहचान दिलाई। उनके ओजपूर्ण विचार हर वर्ग, जाति और धर्म के लोगों को हमेशा प्रेरित करते रहे हैं। निराशा से भरे जीवन को ऊर्जा से भर देने वाले उनके विचारों के चलते ही स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को देशभर में राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद अपने शक्तिशाली व तर्कयुक्त विचारों से सामने वाले का नजरिया बदलने की क्षमता रखते थे। उनकी इसी प्रभावशाली आभा और दुनिया में भारत की एक अलग पहचान बनाने के लिए देश उन्हें उनकी जयंती पर नमन करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अधिकारी रामकुमार पटेल ने विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। व्याख्याता वीर सिंह ने उनके महत्वपूर्ण थॉट उठो जागो तब तक मत रुको जब तक अपने लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाती है इस विचारधारा को सभी विद्यार्थियों को आत्मसात करने की जरूरत है निश्चित रूप से आप सभी अपने जीवन में सफल होंगे।

# अवैध शराब परिवहन कर रहे वाहन मालिकों से की गई वसूली राशि को किया गया शासकीय खजाने में जमा

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 47 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को राजसात करने का निर्णय लिया है। कलेक्टर ने वाहन के मूल्य की राशि से निर्धारित राशि को राजसात कर उक्त राशि वाहन स्वामी द्वारा जमा किये जाने पर वाहन सौंपने का आदेश जारी किया है। साथ ही सहायक आयुक्त आबकारी रायगढ़ को निर्देशित किया कि वाहन स्वामी द्वारा उक्त राशि जमा किये जाने पर वाहन सौंपा जावे। एक माह के भीतर राशि जमा नही करने पर वाहन नीलाम कर राशि की वसूली कर शासकीय खजाने में जमा करा दी जाये।

पुलिस थाना-केडार द्वारा 30 जनवरी 2021 को ग्राम-टान्डीपार स्कूल के पास आरोपीगण शत्रुहान चौहान एवं दिगम्बर चौहान दोनों निवासी ग्राम साल्हे तहसील सारंगढ़ को हीरो मेस्ट्रो स्कूटी सी.जी. 11 ए यू 5414 में 200 प्लास्टिक पाउच में भरा कुल 36 लीटर महुआ शराब अवैध परिवहन करते गिरफ्तार किया गया था। वाहन के दस्तावेज अनुसार वाहन स्वामी मनबोध खटकर के नाम पर पंजीकृत पाया गया। पुलिस ने वाहन को राजसात करने न्यायालय कलेक्टर के समक्ष मामला प्रस्तुत किया जिसपर विधिवत सुनवाई उपरांत कलेक्टर ने 33 हजार जमा करने पर स्कूटी वाहन स्वामी को सौंपने का आदेश दिया। मनबोध खटकर के द्वारा उक्त राशि शासकीय खजाने में जमा करने पर वाहन सौंपा गया है।

पुलिस चौकी कनकबीरा, थाना-सारंगढ़ द्वारा दिनांक 17 जुलाई 2021 को मुखबिर की सूचना पर सराईपाली पंचायत भवन के पास आरोपी नानहूराम निराला निवासी-अचानकपाली एवं डेनियल खुटे निवासी-उच्चभिट्ठी, तहसील-सारंगढ़ को मोटर साइकल एच.एफ डिलक्स सी.जी. 13 ए जी 3741 से कुल एक प्लास्टिक जरकीन में 20 लीटर अवैध शराब परिवहन करते पकड़ा गया था। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। वाहन को राजसात करने कलेक्टर न्यायालय रायगढ़ में पुलिस अधीक्षक के माध्यम से प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण पर विधिवत सुनवाई उपरान्त कलेक्टर ने वाहन में अवैध मदिरा परिवहन की पुष्टि पाये जाने पर वाहन के मुल्य की राशि से रूपये 20 हजार राजसात करने का आदेश दिया। वाहन स्वामी के बीस हजार रुपये खजाने मे जमा करने पर वाहन उसे सौप दिया गया है।

पुलिस थाना-पुसौर द्वारा दिनांक 25 मई 2021 को छिछोरउमरिया बस स्टैण्ड के पास चेकिंग में आरोपी ताराचंद सारथी को मोटर सायकल बजाज प्लेटिना सी.जी. 13 ए के 4178 में एक नीले रंग की प्लास्टिक जरीकेन में 25 लीटर अवैध शराब लाते रंगे हाथों गिरफ्तार कर सी.जे.एम. न्यायालय रायगढ़ से आरोपी को रिमांड पर जेल भेजा था। वाहन को राजसात करने कलेक्टर, न्यायालय रायगढ़ में प्रस्तुत प्रकरण पर विधिवत सुनवाई उपरान्त कलेक्टर ने वाहन से अवैध मदिरा परिवहन की पुष्टि होना पाया। इस प्रकरण में वाहन के मूल्य से 24 हजार 500 को राजसात करने का आदेश न्यायालय ने दिया। उक्त राशि शासकीय खजाने में जमा किये जाने पर वाहन मालिक को सौप दिया गया है।

छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अनुसार अवैध शराब बनाने, रखने, बेचने या परिवहन करने पर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। शराब की मात्रा 5 लीटर से कम होने पर सजा 6 महीने से 2 साल तक की और 10 हजार से 50 हजार रूपये का अर्थ दण्ड होता है जबकि शराब की मात्रा 5 लीटर से अधिक पाई जाने पर 1 साल से 3 साल तक की जेल और 25 हजार से एक लाख रूपये के जुर्माने से दण्डित किया जाता है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480